# टूलकिट

शिक्षा के लिए विकलांगता मानक



# मिलजुल कर काम करना: **सेकेंडरी स्कूल में आगे बढ़ना**

यह संसाधन प्राइमरी से सेकेंडरी स्कूल के परिवर्तनकाल और स्कूल के बाद के मार्गों में विकलांगता ग्रस्त छात्रों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं का समर्थन करता है।

**यह संसाधन विकलांगता ग्रस्त बच्चों और युवा लोगों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा सहडिज़ाइन किया गया था।**

## इस संसाधन के बारे में

इस संसाधन को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त बच्चों और युवा लोगों (सीवाईडीऐ) (Children and Young People with Disability Australia) (CYDA) और इन्क्लूजन ऑस्ट्रेलिया (Inclusion Australia) की मदद से, विकलांगता ग्रस्त बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा डिज़ाइन किया गया था।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और संरक्षकों को मान देती है। हम भूमि, जल और समुदाय से उनके निरंतर संबंध को मान देते हैं। हम उनके और उनके बुजुर्गों के अतीत और वर्तमान के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। हम एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों की निरंतर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक प्रथाओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

## भाषा के संबंध में टिप्पणी

यह संसाधन व्यक्ति-प्रथम भाषा का उपयोग करता है (उदाहरण के लिए, 'विकलांगता ग्रस्त बच्चा/बच्ची')। लेकिन यह दृष्टिकोण हर किसी के लिए ठीक नहीं है, और कई लोग पहचान-प्रथम भाषा (उदाहरण के लिए, 'विकलांग बच्चा') का उपयोग करना पसंद करते हैं।

यह प्रत्येक व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपनी पहचान कैसे चुनता है। हम आपको लोगों से उनकी पसंद पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम इन सभी परिभाषाओं के पीछे के गहरे इतिहास को भी मान देते हैं।

यह संसाधन विकलांगता ग्रस्त छात्रों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है। 'आपकी संतान' से हमारा तात्पर्य किसी भी उस बच्चे/बच्ची से है जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं।

लोग 'उचित समायोजन', 'समायोजन' या ' समंजन' का उपयोग एक ही बात के मतलब के लिए करते हैं। हम इस संसाधन में इन वाक्यांशों का प्रयोग एक दूसरे के स्थान पर करते हैं। *शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005* (*Disability Standards for Education 2005*) में 'उचित समायोजन' का उपयोग किया जाता है।

## अतिरिक्त संसाधन

यह संसाधनों के समूह का एक भाग है। आप उन्हें ऑस्ट्रेलियन शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

QR कोड को स्कैन करें

यह संसाधन ईज़ी रीड, ऑस्लान और कई अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। आप इन संस्करणों को ऑस्ट्रेलियन शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

***विषय-वस्तु नोट:*** *यह टूलकिट स्कूल में घबराहट और परेशानी होने के बारे में बताता है। सहायता के लिए आप लाइफलाइन को* ***13 11 14*** *पर कॉल कर सकते/ती हैं या* ***0477 13 11 14*** *पर टेक्स्ट कर सकते/ती हैं। आप बच्चों की हेल्पलाइन* ***1800 55 1800*** *पर भी संपर्क कर सकते/ती हैं।*

# यह टूलकिट किसके लिए है

यह टूलकिट निम्न के लिए है:

- विकलांगता ग्रस्त सेकेंडरी छात्रों के लिए
- विकलांगता ग्रस्त सेकेंडरी छात्रों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए।

# यह टूलकिट किस लिए है

यह टूलकिट निम्न में आपकी सहायता के लिए है:

- *शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005* के तहत आपके अधिकारों को समझने में
- अपनी शिक्षा का समर्थन करने के लिए एक-दूसरे और अपने स्कूल के साथ मिलकर काम करने में।

# इस टूलकिट में क्या शामिल है

यह टूलकिट सेकेंडरी स्कूल की शुरुआत से अंत तक मिलजुल कर काम करने के बारे में है। इसमें निम्न शामिल हैं:

- शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (पृ.1)
- सेकेंडरी स्कूल में आगे बढ़ना (पृ.2)
- सेकेंडरी स्कूल की शुरूआत करना (पृ.5)
- स्कूल के दौरान निर्णय लेना (पृ.7)
- स्कूल छोड़ना (पृ.9)

# शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (डीएसई)

## शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (डीएसई) क्या हैं?

डीएसई (DSE) विकलांगता वाले छात्रों की शिक्षा के लिए मानक हैं।

### मानक

मानक का उपयोग हम यह देखने के लिए करते हैं कि कोई कार्य कितनी अच्छी तरह से किया गया है। मानक हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि कार्य अच्छी तरह से हों।

### डीएसई (DSE)

डीएसई (DSE) निम्न दो महत्वपूर्ण बातें समझाता है:

1. विकलांगता ग्रस्त छात्रों के अधिकार।
2. स्कूलों को विकलांगता ग्रस्त छात्रों को उनके अधिकार दिलाने में मदद करने के लिए क्या करना होगा।

# + सेकेंडरी स्कूल में आगे बढ़ना

सेकेंडरी स्कूल की शुरूआत करना या उसके जरिये आगे बढ़ना बहुत बड़ा बदलाव है। बदलाव तब होता है जब आप एक चीज़ से दूसरी चीज़ की ओर जाते हैं। स्कूल में बहुत सारे बदलाव होते हैं।

उदाहरण के लिए:

- कक्षा दर कक्षा →
- वर्ष दर वर्ष →
- पुराने स्कूल से नये स्कूल तक →
- प्राइमरी स्कूल से सेकेंडरी स्कूल तक →
- सेकेंडरी स्कूल से लेकर स्कूल के बाद के जीवन तक

हर कोई इन बदलावों से विभिन्न तरीकों से निकलता है। आप हमेशा:

- बढ़ रहे होते हैं
- सीख रहे होते हैं
- यह पता लगा रहे होते हैं कि आप क्या कर सकते हैं और आपकी क्षमताएँ क्या हैं।

## याद रखें कि सेकेंडरी स्कूल एक सफर है



जब आप प्राइमरी स्कूल छोड़ते हैं तब आपका सेकेंडरी स्कूल का सफर शुरू होता है। यह तब समाप्त होता है जब आप स्कूली पढ़ाई पूरी समाप्त कर लेते हैं।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपने सफर के कौन से पड़ाव पर हैं, आपके स्कूल को निम्न करना होगा:

- आपको शामिल करने और सीखने में समर्थन देना
- आपके साथ दुर्व्यवहार होने से रोकने के लिए कदम उठाना

## उचित समायोजन

आपके स्कूल को आपको शामिल होने और सीखने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करनी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें ऐसे बदलाव करने होंगे जो आपके साथियों के साथ शामिल होने में आपकी सहायता करें।

इन बदलावों को उचित समायोजन कहा जाता है।

### उचित समायोजन क्या हैं?

स्कूल उचित समायोजन को किसी अन्य नाम से जान सकते हैं - जैसे, समंजन या समर्थन। ये वे बदलाव हैं जो आपको अपने साथियों के साथ शामिल होने में मदद करते हैं। वे निम्न हो सकते हैं:

- लोग (उदाहरण के लिए, सहायता कर्मचारी)
- सामग्री (उदाहरण के लिए, स्क्रीन रीडर)
- चीजों को करने के तरीके में बदलाव (उदाहरण के लिए, परीक्षा के दौरान विश्राम अंतराल)।

आप निम्न के लिए समर्थन स्थापित कर सकते हैं:

- जब स्कूल वर्ष शुरू होता है
- जब आपके जीवन में स्थितियाँ बदलती हैं
- जब स्कूल में स्थितियाँ बदलती हैं।

आप निम्न के बारे में अधिक जान सकते/ती हैं:

- हमारे वीडियो स्कूल में एक दिन में अपने अधिकारों के बारे में
- हमारे स्कूल में सम्मान संसाधन में, इस बारे में कि आपके साथ स्कूल में कैसा व्यवहार किया जाए।

## आपको मिलजुल कर काम करना चाहिए

माता-पिता या देखभालकर्ता के रूप में, आपको निम्न के साथ मिलजुल कर काम करना चाहिए:


- अपनी संतान के साथ, उनकी जरूरतों और विकल्पों को समझ कर
- स्कूल के साथ, समर्थन को व्यवस्थित करने और इसे जांचने के लिए।

ऐसा करने के लिए केवल एक ईमेल या स्कूल के साथ मीटिंग की आवश्यकता हो सकती है। इसमें कुछ मीटिंग भी हो सकती हैं।

एक छात्र के रूप में, आपको निम्न अवसर मिलने चाहिए:

- अपनी सोच, विचार और सुझावों को साझा करने का
- यदि आप चाहें तो अपनी शिक्षा के बारे में मीटिंग में जाने का
- चीज़ों को आज़मानें और ज़रूरत पड़ने पर उन्हें बदलने का।

**क्या आपको इन क्षेत्रों में समर्थन की आवश्यकता है?**



**भौतिक वातावरण**? उदाहरण के लिए, कक्षा, इमारत या खेल के मैदान में



**स्कूल के काम?**
उदाहरण के लिए, कक्षा सामग्री, गतिविधियाँ, असाइनमेंट या परीक्षाएँ



**संचार?** उदाहरण के लिए, लिखित, मुंह-ज़बानी, देखने या सुनने संबंधी



**सामाजिक एवं भावनात्मक?**
उदाहरण के लिए, आप अन्य लोगों या स्थानों से कैसा महसूस या कैसी पारस्परिक क्रिया करते/ती हैं

यह एक अच्छा विचार है कि छात्र और माता-पिता या देखभालकर्ता मिलकर इस प्रश्न के बारे में सोचें। फिर जब आप स्कूल से मिलेंगे तो आप अपने विचार रख सकते/ती हैं।

आप स्कूल में समर्थन के बारे में और अधिक जानकारी शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन में प्राप्त कर सकते/ती हैं।

# सेकेंडरी स्कूल की शुरुआत करना

सेकेंडरी स्कूल तक का बदलाव बड़ा हो सकता है। इस सफर को शुरू करना रोमांचक है। इसमें बहुत सारे बदलाव और स्थितियाँ हैं, जिनके लिए आपको तैयार रहने की आवश्यकता होगी।

छात्र के रूप में, आप निम्न करेंगे:

- आपने प्राइमरी स्कूल में जो सीखा है उस पर आगे बढ़ेंगे
- नए शिक्षकों और सहपाठियों से मिलेंगे
- नई इमारतों और मैदानों के बारे में जानेंगे
- अधिक विषय लेंगे
- असाइनमेंट और परीक्षाएँ करेंगे।

हो सकता है कि आप इन बदलावों से घबराएँ। यह बहुत सामान्य बात है। इसे समायोजित करने में समय लग सकता है।



# मिलजुल कर काम करने के लिए सुझाव

## छात्रों के लिए

- *इस बारे में खुलकर बात करें कि आप कैसा महसूस करते/ती हैं।* यदि आप चिंतित हैं या आपके कोई प्रश्न हैं तो उसे छिपाएं नहीं।
- *यदि आप किसी चीज़ से चिंतित हैं तो इस बारे में लोगों को बताएं।* यह आपका स्कूल का कार्य, आपकी कक्षा की व्यवस्था या कुछ भी और हो सकता है। आपके स्कूल को इसमें शामिल होने के लिए आपका समर्थन करना चाहिए। स्थितियाँ बदलने के लिए उनसे कहना उचित है।
- *स्कूल में होने वाली चीज़ों को किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ साझा करें।* इस तरह से आपका भरोसेमंद व्यक्ति जानता है कि क्या हो रहा है। इससे उन्हें आपका समर्थन करने में मदद मिलती है।

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए

- *प्राइमरी से सेकेंडरी स्कूल के सफर के बारे में बात करें और बताएं कि क्या होगा।*
- *स्कूल के बारे में जानकारी प्राप्त करें और यह भी जानें कि आपकी संतान क्या करेगी।* इस तरह से आप अपने बच्चे के प्रश्नों का उत्तर दे सकते/ती हैं।
- *बातचीत की शुरुआत जल्दी करें।* आप अपनी संतान के स्कूल की शुरुआत से पहले उन्हें स्कूल ले जा सकते हैं। वे इमारतों और शिक्षकों के बारे में जान सकते हैं।
- *किसी भी समर्थन या समायोजन के बारे में बताएं।* अपनी संतान को स्कूल की सुलभता को समझने में मदद करें। उन्हें बताएं कि उन्हें क्या उम्मीद करनी है।
- *अपनी संतान के साथ लक्ष्य निर्धारित करें।* वे क्या चाहते हैं? स्कूल में अपने समय के बारे में उनका क्या दृष्टिकोण है? जब आप स्कूल से मिलें तो इन सब लक्ष्यों को ध्यान में रखें।
- *अपनी संतान को स्कूल की बातों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।* यह जांचें कि आपकी संतान समर्थित महसूस करती है। यदि आपको कोई चिंता है या आप अपनी संतान की प्रगति को जांचना चाहते/ती हैं तो आप प्रश्न पूछ सकते/ती हैं।
- *अगर काम ठीक ढंग से नहीं हो रहे हैं तो स्कूल को बताएं।* अपनी संतान से पूछें कि वे स्कूल को क्या बताना चाहती है।
- आप निम्न के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं:
  - हमारे उपलब्धियाँ और परिवर्तनकाल (Milestones and transitions) में, सेकेंडरी स्कूल में जाने के बारे में
  - हमारे अपनी संतान के साथ और उसके लिए पक्ष समर्थन करना: प्राइमरी स्कूल (Advocating with and for your child:Primary school) में, इन वार्तालापों में अपनी संतान को शामिल करने के बारे में।

# स्कूल के दौरान निर्णय लेना

स्कूल के दौरान आपको बहुत सारे निर्णय लेने होंगे।

यह 7वीं कक्षा से शुरू हो सकता है। आपको अपने विषय चुनने का मौका मिल सकता है।

ये निर्णय सड़क में एक दोराहे पर आने के समान हैं। आप जाने के लिए एक राह या विकल्प चुनते हैं। यह राह आपको वहां ले जाएगी जहां आप जाना चाहते/ती हैं। आपको किसी और की पसंदीदा राह पर धकेला नहीं जाना चाहिए। आपके पास विभिन्न विकल्पों का अधिकार है।

**स्कूल समाप्त होने के बाद, आप निम्न में जाने का चुनाव कर सकते/ती हैं:**




आप इन विकल्पों का संयोजन कर सकते/ती हैं। आप अपना मन भी बदल सकते/ती हैं और उनके बीच अदला-बदली भी कर सकते/ती हैं।

आप जो भी निर्णय लेते/ती हैं, आपको:

- अपने आस-पास के लोगों द्वारा शामिल किया जाना चाहिए
- अपने साथियों के समान ही विकल्प होने चाहिए।

## आप अपने विकल्पों के बारे में सोचने के लिए इन प्रश्नों का उपयोग कर सकते/ती हैं:

- आपको किन विषयों में आनंद आता है?
- आपकी क्षमताएँ और रुचियां क्या हैं?
- आपकी रुचि किस प्रकार की नौकरी या करियर में है?
- आपकी रुचि किस प्रकार की शिक्षा में है?
- आपको इन रुचियों का अनुसरण करने के लिए कौन से कदम उठाने की आवश्यकता है?
- प्रत्येक कदम में क्या शामिल है?
- क्या आपको पहले से ही कुछ योजना बनाने की आवश्यकता है?
- क्या आपने अभी तक काम का अनुभव किया है? यदि हां, तो आपने अपने बारे में क्या सीखा?

आगे बढ़ते हुए आपको कुछ शोध करने की आवश्यकता हो सकती है।



# मिलजुल कर काम करने के सुझाव



### छात्रों के लिए

- *आप इन विकल्पों को चुनने में सक्षम हैं।* सोचें कि आप क्या चाहते/ती हैं।
- *यदि आपको आवश्यकता है तो सहायता या सलाह लें।* आप किसी भरोसेमंद व्यक्ति से सहायता मांग सकते/ती हैं। यह कोई मित्र, माता-पिता, देखभालकर्ता या शिक्षक हो सकता है।
- *अनिश्चित या व्याकुल होना ठीक है।* इसे छिपाने की कोशिश न करें- इस बारे में लोगों को बताएं और उनके साथ चर्चा करें।



### माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए

- *अपनी संतान को निर्णय लेने दें कि वे क्या करना चाहती है।* उनके लिए विकल्प मत बनायें।
- *यदि आपकी संतान सहायता की मांग करती है तो उसको समर्थन दें।* आप अपने विचार साझा कर सकते/ती हैं या उनकी योजना बनाने में सहायता कर सकते/ती हैं। आप विभिन्न मार्गों के बारे में समझा सकते/ती हैं और बता सकते/ती हैं कि वे मार्ग कहां ले जाते हैं।
- *सहायता की पेशकश करने से न डरें।* आपको हमेशा यह इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है कि आपकी संतान आपसे पूछे।

## स्कूल छोड़ना

स्कूल के बाद आप कई जगहों का चुनाव कर सकते/ती हैं। यह टूलकिट शिक्षा के मार्ग पर ध्यान केंद्रित करती है।

स्कूल छोड़ना एक बड़ा बदलाव है।

आप:

- अपनी दिनचर्या में एक बड़ा बदलाव महसूस करेंगे
- विभिन्न तरीकों से सीखेंगे और पढ़ेंगे
- नई इमारतों और मैदानों के बारे में जानेंगे
- अपने शिक्षकों के साथ अलग रिश्ता बनायेंगे।

यह परिवर्तन आपके रहने के स्थान में बदलाव के साथ भी आ सकता है।

## मिलजुल कर काम करने के सुझाव

सबसे पहले, हमारे निम्न सुझावों को देखें:

- सेकेंडरी स्कूल की शुरुआत (पृ.5)
- स्कूल के दौरान निर्णय लेना (पृ. 7)



### छात्रों के लिए

- *आपको चीअधिक नियंत्रण लेने की अनुमति है।* आपको समर्थन लेने की भी अनुमति है। आपको अकेले काम करने की आवश्यकता नहीं है।
- आप आगे बढ़ने के बारे में और अधिक जानकारी व्यावहारिक रूप से शिक्षा के लिए विकलांगता मानक: कार्य योजना संसाधन से ले सकते/ती हैं।



### माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए

- *अधिक नियंत्रण लेने के लिए अपनी संतान का समर्थन करें।* कितना नियंत्रण होगा यह उनकी आवश्यकताओं और पसंद पर निर्भर करेगा।
- *सहायता की पेशकश करने से न डरें।* स्कूल के अंत का मतलब आपके समर्थन का अंत नहीं है।
- आप हमारे उपलब्धियाँ और परिवर्तनकाल (Milestones and transitions) संसाधन में आगे बढ़ने के बारे में और अधिक जान सकते/ती हैं।

# आपके सफर के लिए शुभकामनाएं

आपको जो चाहिए उसके लिए बोलें

सब कुछ अच्छे से होगा

स्वयं से प्यार करें (और दूसरों से भी)

आगे बढ़ते रहें

आप अच्छा महसूस करेंगे

स्वयं को स्वीकार करें

स्वयं को दोष मत दें

आप कर सकते/ती हैं!



# और अधिक जानकारी और समर्थन

- *शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005* (https://www.legislation.gov.au/Details/F2005L00767)
- *विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992* (https://www.legislation.gov.au/Details/C2018C00125)
- विकलांगता ऑस्ट्रेलिया केंद्र (DisabilityAustraliaHub) (https://www.disabilityaustraliahub.com.au/) –विकलांगता संगठनों की सूची
- विकलांगता गेटवे (https://www.disabilitygateway.gov.au/) –सेवाओं, अधिवक्ताओं और जानकारी के लिए लिंक
- ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (AHRC)(https://humanrights.gov.au)

https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/information-resources-students-disability-and-their-caregivers